कुलसचिव
Registrar

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मीरजापुर
Maa Vindhyavasini University,
Mirzapur
Email- registrarmvsuniversity@gmail.com

पत्रांक– माँ वि0वि0/कु0स0का/764 /2025–26 दिनांक– 05 दिसम्बर, 2025

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मीरजापुर

विषय– **माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर द्वारा आयोजित द्वितीय स्थापना दिवस समारोह एवं युवा महोत्सव "सप्तरंग" (दिसम्बर 2025)** के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया

सहर्ष सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर दिनांक 8 दिसम्बर, 2023 को माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर की स्थापना की गयी, जिसके द्वितीय स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय द्वारा युवा महोत्सव **"सप्तरंग"** का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस युवा महोत्सव **"सप्तरंग"** में सभी महाविद्यालय अपनी टीमों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का सुअवसर प्रदान करें।

समारोह के सामान्य नियम, प्रतियोगिताओं का विवरण व नियमावली तथा विस्तृत कार्यक्रम इस सूचना के साथ संलग्न है। आपसे अनुरोध है कि अपनी प्रविष्टि अधोहस्ताक्षरित के पास नीचे दिये गये सम्पर्क अधिकारियों के माध्यम से दिनांक 07.12.2025, अपराह्न 2:00 बजे तक प्रेषित कराने की कृपा करें।

आपके सहयोग की अपेक्षा में
(कुलसचिव)

समन्वयक:– श्री राम नारायण (कुलसचिव), माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर

सह–समन्वयक:–1. प्रो0 नम्रता मिश्रा, संगीत विभाग, के0बी0पी0जी0 कॉलेज, मीरजापुर।

2. डॉ0 कुलदीप पाण्डेय, इतिहास विभाग, के0बी0पी0जी0 कॉलेज, मीरजापुर।

सम्पर्क सूत्र:–

1. 8126991983
2. 7906923719
3. 7007133664

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर द्वारा आयोजित द्वितीय स्थापना दिवस समारोह एवं युवा महोत्सव 2025 **"सप्तरंग"**

दिनांक 08.12.2025, समय : प्रातः 10:30 बजे से,

स्थान : **डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल, प्रेक्षागृह, लोहिया तालाब, मीरजापुर।**

प्रतियोगिताओं का विवरण

क्र0सं0	प्रतियोगिता का प्रकार	प्रतियोगियों की संख्या	संगतकारों / सहायकों की संख्या	न्यूनतम समय	अधिकतम समय
1.	एकल लोक गायन	01	02	5 मिनट	7 मिनट
2.	एकल लोक नृत्य	01	03	4 मिनट	7 मिनट
3.	रंगोली	01	01	1 घण्टा	1:30 घण्टे
4.	पोस्टर	01	Nil	45 मिनट	60 मिनट
5.	मेंहदी	01	01	30 मिनट	45 मिनट
6.	प्रश्नोत्तरी	02	Nil	30 मिनट	45 मिनट
7.	निबन्ध	01	Nil	30 मिनट	45 मिनट

सप्तरंग– 2025

सामान्य नियमावली

1. एक महाविद्यालय से एक प्रतियोगिता में एक ही प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दो प्रतिभागी रहेंगे।
2. एक विद्यार्थी एक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है, लेकिन इसके लिए सप्तरंग के कार्यक्रम अवश्य देख ले।
3. प्रतियोगी दलों की यात्रा आदि की व्यवस्था सम्बन्धित संस्था को स्वयं करनी होगी। संगतकार, वाद्य यंत्र, वेषभूषा, मेकअप सामग्री आदि प्रतियोगी दल को लाना होगा।
4. सभी प्रतियोगियों से अपेक्षा की जाती है कि वे समारोह के नियमों तथा अनुशासन का पूर्णतया पालन करेंगे।
5. प्रतियोगिता के प्रतिभागी अपने महाविद्यालय की यूनिफॉर्म में प्रस्तुति नहीं करेंगे।
6. प्रतियोगिता में रिकॉर्डेड गीतों का प्रयोग किया जा सकता है, किन्तु पारम्परिक लोकगीत होने चाहिए। कोई भी आपत्तिजनक गीत मान्य नहीं होगा।
7. मंच पर आने के बाद 30 सेकेण्ड का समय तैयारी के लिये दिया जायेगा, उसके उपरान्त प्रतियोगिता का समय प्रारम्भ होगा।
8. अपने साथ लायी गयी वस्तुओं एवं वेषभूषा आदि की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रतियोगी दलों की ही होगी।
9. टीम के कुल सदस्यों की संख्या एवं प्रतियोगिता से सम्बन्धित अन्य जानकारी 07.12.2025, अपराह्न 2:00 बजे तक उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। उसके पश्चात् किसी भी प्रतियोगी को प्रतिभागिता हेतु सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

सप्तरंग– 2025

प्रविष्टि फॉर्म

दिनांक : 08.12.2025 समय : प्रातः 10:30 बजे

हमारे महाविद्यालय...की टीम युवा महोत्सव सप्तरंग– 2025 में भाग लेगी।

1. संस्था का नाम एवं पता :...
....
....

2. मोबाइल : ....

3. प्राचार्य का नाम, मोबाइल नं0 एवं ईमेल आई0 डी0: ....
....

4. सांस्कृतिक प्रभारी का नाम, मोबाइल नं0 एवं ईमेल आई0 डी0 : ....
....

5. दल सदस्यों का नाम : ....
....

6. प्रतिभागियों / संगतकारों / सहायकों की संख्या :...
....

7. जिन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना है, उसका विवरण : ....
....
....

दिनांक :

हस्ताक्षर संस्था प्रमुख

(मुहर सहित)